प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- राज्य में पुनर्गठन के बाद करीब तीन हजार चार सौ नई पंचायतें बनी–नये सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों के पद बढेंगे।

- प्रदेश में बडा प्रशासनिक फेरबदल –48 आईएएस अधिकारियों के तबादले–भारतीय वन सेवा के 33 अधिकारियों का भी स्थानान्तरण।

- गृह मंत्री अमित शाह ने नई श्रम संहिताएं लागू होने का स्वागत करते हुए इसे मजदूरों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाला बताया।

- मंगला पशु बीमा के लिये पंजीकरण शुरू–21 लाख पशुओं का निशुल्क बीमा किया जायेगा।

000000

राज्य सरकार ने सभी 41 जिलों में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन और नई पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। पंचायती राज विभाग के सचिव डॉ. जोगाराम ने इस बारे में आदेश जारी किये। इससे अब पंचायती राज का नक्शा बदल गया है। पुनर्गठन में प्रदेश में तीन हजार चार सौ से ज्यादा नई ग्राम पंचायतें जोडी गई है। इसके बाद ग्राम पंचायतों की संख्या बढकर अब 14 हजार के आसपास हो गई है। सबसे ज्यादा नई पंचायते बाडमेर और सबसे कम 19 पंचायते झालावाड़ में बनी है। नई अधिसूचना के मुताबिक अब जयपुर जिले में 139 नई पंचायतें बनाई गई है। इससे अब जिले में कुल 596 ग्राम पंचायतें हो गई है। प्रदेश में नई पंचायतें बनाने के बाद अब सरंपचों, उप सरपंचों और वार्ड पंचों की संख्या भी बढ जायेगी।

0000

प्रदेश में कल देर रात बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 48 आईएएस अधिकारियों के तबादले किये गये। प्रशासनिक अमले में हुए इस बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार अखिल अरोडा को मुख्यमंत्री का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। शिखर अग्रवाल को उद्योग विभाग में एसएस पद पर लगाया गया है। वहीं प्रवीण गुप्ता को एसीएस पीडब्ल्यूडी के साथ पर्यटन कला साहित्य संस्कृति और पुरातत्व विभाग तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। इसके अलावा राजस्थान वन विभाग में भी बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 33 आईएफएस अधिकारियों का स्थानान्तरण कर दिया गया है। इसके साथ ही चार अधिकारियों को अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है, जबकि दो एपीओ अधिकारियों को नई पोस्टिंग दी गई है। शिखा मेहरा को प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास के पद पर तैनात किया गया है। वहीं राजेश कुमार गुप्ता को एपीसीसीएफ बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना जयपुर का दायित्व सौंपा गया है। अरूण प्रसाद को पदोन्नत कर मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक जयपुर बनाया गया है।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल सिंकदराबाद में भारतीय कला महोत्सव के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। ये महोत्सव 9 दिन तक चलेगा। इसका उद्देश्य राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र गोवा दादनागर हवेली तथा दमन और दीव की सांस्कृतिक धरोहर को दिखाना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने लोगों से विभिन्न स्थानों की पारम्परिक संस्कृति के बारे में जानने की अपील की। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारतीय कला महोत्सव हमे देश की सांस्कृतिक विविधता के बारे में जानने का मौका देता है।

....

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में नए श्रम संहिताएं लागू होने पर देश के श्रमिकों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने इसे श्रम कानूनों के इतिहास में सबसे बड़ा सुधार बताया हैं। श्री शाह ने कहा कि ये श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, महिला मजदूरों के लिए समान अवसर और असंगठित श्रमिकों को कानूनी पहचान की गारंटी देती हैं। उन्होंने कहा कि ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने कल देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की। ये 40 करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और एक वर्ष की नौकरी के बाद निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गारंटी देंगी।

उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने देश में चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इस एतिहासिक कदम को रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढाने वाला बताया है।

0000

राज्य में 1 दिसम्बर से मंगला पशु बीमा योजना शुरू होने जा रही है। वर्ष 2025–26 के तहत इस योजना में 21 लाख पशुओं का निशुल्क बीमा होगा। योजना का उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ पशुधन संरक्षण को बढावा देना है। मंगला पशु बीमा योजना के लिए पंजीकरण की प्रकिया शुरू हो गई है। पात्र पशुपालक दो दुधारू पशुओं और दस भेड़ बकरी तथा दस ऊंट वंश पशुओं का मुफ्त बीमा करवा सकते है।

0000

राजस्थान में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की महत्वपूर्ण मुहिम चल रही है। इसके तहत सवा दो करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र इसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। एसआईआर प्रक्रिया वोटर लिस्ट में पात्र और सही मतदाता को शामिल करने, त्रुटियों को सुधारने और वैध मतदाताओं का सत्यापन करने के लिए चलाई जा रही है। लोकतंत्र की इस बुनियादी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए बूथ लेवल अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ समर्पण और सेवाभाव से काम कर रहे है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मरूस्थल से पहाडों तक कठिन भौगोलिक चुनोतियों को भी पार करते हुए वे अपना दायित्व पूरा कर रहे है। एसआईआर प्रकिया की इसी कडी में हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि बीएलओ गांव ढाणियों तक पैदल जा रहे है। वहीं रेगिस्तानी टीलों पर पंहुचने के लिए ऊंट का भी सहारा ले रहे है।

.....

0000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं का असर थोडा कम होने लगा है। इससे रात के पारे में उछाल आया है। वहीं सर्दी का असर भी थोडा कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आठ शहरों में रात का पारा दस डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। 6 दशमलव 6 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सीकर के फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही। राजधानी जयपुर के रात के तापमान में भी एक डिग्री की बढोतरी हुई है। वहीं हिल स्टेशन माउंटआबू में तापमान जमावबिन्दु से ऊपर दर्ज हुआ।

सवाईमाधोपुर में भी मौसम का उतर चढाव देखा जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दिन के समय गुनगुनी धूप राहत दे रही है। हालांकि सुबह शाम हल्की ठण्ड का असर बरकरार है।

.....

इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले दो सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने के आसार है और तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है।

0000